स्वदेशी के महत्व को बढ़ाने वाला कार्यक्रम है चंदेरी इको रिट्रीट : मुख्यमंत्री

मुख्य फैशन ब्रांड्स के साथ चंदेरी की पारंपरिक बुनाई और अनूठी विरासत को समर्पित फैशन शो एवं संगीत समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

अशोकनगर/चंदेरी। ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में इको रिट्रीट 2025 के तृतीय संस्करण का आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने जिला प्रशासन एवं सनसेट डेजर्ट कैम्प के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वर्चुअल रूप से जुडकर किया। तो वहीं इको रिट्रीट की कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। चंदेरी इको रिट्रीट, कटी घाटी के पास स्थापित टेंट सिटी तीन महीने से अधिक समय तक देश-विदेश के पर्यटकों के लिए खुली रहेगी।

साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन से चंदेरी में हो रही ईको रिट्रीट आयोजन के लिए भेजे विशेष संदेश में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी उत्पादों और कारीगरों को भरपूर प्रोत्साहन दिया है। इस नाते मध्यप्रदेश सरकार इस दिशा में भरसक प्रयास करते हुए शिल्पकारों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। चंदेरी जैसे स्थानों की

ख्याति ऐतिहासिक, प्राकृतिक सौन्दर्य, पर्यटन के साथ ही वस्त्र बुनाई के कारण भी है। यहां के बुनकर चंदेरी साड़ियों के निर्माण में लगे हैं, जिसे गुणवत्ता के आधार पर जीआई टैग प्राप्त हुआ है, यह एक अहम उपलब्धि है।

गौरवशाली इतिहास के साथ यहा देखने मिलेगी प्रकृति के अनेक खूबियां:

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि चंदेरी का इतिहास गौरवशाली है। प्रकृति ने भी इस स्थान को अनेक खूबियां दी हैं, जिसके कारण यह स्थान पर्यटकों को आकर्षित करता है। तीन माह के लिए पर्यटक टेंट सिटी का लाभ ले सकेंगे। इको रिट्रीट की सौगात स्थानीय बुनकरों के लिए भी लाभकारी है। यह स्थान सिने जगत के लिए भी महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन बन रहा है। यहां अनेक फिल्मों और वेबसीरीज का फिल्मांकन हो रहा है। फैशन की दुनिया के लोग इको रिट्रीट के माध्यम से यहां पहुंचे हैं। वे लाईव वीविंग देखकर अभिभूत होंगे। मेहनतकश बुनकर अनोखी बुनाई करते हैं। उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने चंदेरी के शिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इको रिट्रीट के माध्यम से यहां की

लोकल टू ग्लोबल की कल्पना को साकार करेगी चंदेरी : ज्योतिरादित्य



इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि चंदेरी केवल एक भूगोल नहीं है, यह भारत की सांस्कृतिक आत्मा का वह अध्याय है जिसमें गौरवशाली इतिहास, अद्भुत स्थापत्य और शताब्दियों पुरानी बुनाई परंपरा एक साथ सांस लेती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकल फॉर वोकल और लोकल टू ग्लोबल की संकल्पना को चंदेरी ने साकार किया है। चंदेरी के किले, बावड़ियां, महल और ऐतिहासिक धरोहरें न केवल हमारे अतीत की समृद्धि का प्रमाण हैं, बल्कि बुंदेलखंड की सांस्कृतिक वीरता और सौंदर्यबोध का जीवित साक्ष्य भी हैं। चंदेरी की साड़ी और यहां की हथकरघा परंपरा भारत की सबसे प्रतिष्ठित और विशिष्ट कलाओं में से एक है। इसकी पारदर्शी बुनावट, महीन ज़री-कढ़ाई और पीढ़ियों से चली आ रही पारंपरिक तकनीकें आज भी दुनिया को आकर्षित करती हैं। यहां के बुनकरों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी कला को न केवल जीवित रखा बल्कि उसे वैश्विक पहचान दिलाई है। चंदेरी केवल स्मृतियों का स्थान नहीं, बल्कि भारतीय शिल्प, परंपरा और सौंदर्यशास्त्र का जीवंत प्रतीक है। चंदेरी आने वाले समय में अपने इतिहास, अपने हैंडलूम और अपनी सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से विश्व मानचित्र पर और सशक्त पहचान बनाएगा।

जग प्रसिद्ध साड़ियों की ब्रांडिंग हो रही है। बॉयर सेलर मीट, हैण्डलूम प्रदर्शन, व्यंजन मेले और लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से चंदेरी का महत्व देश और दुनिया के सामने स्थापित होगा। स्वयं-सहायता समूहों की आर्थिक प्रगति में भी ये सभी कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एडवेंचर स्पोर्ट्स के माध्यम से स्थानीय युवक और पर्यटक न सिर्फ आनंद प्राप्त करेंगे, बल्कि खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण गतिविधि सिद्ध होगी।

फैशन शो में दिखी चंदेरी की सांस्कृतिक झलक:

चंदेरी की पारंपरिक बुनाई और अनूठी विरासत को समर्पित फैशन एवं संगीत समारोह - टेंट सिटी में शुभारंभ के बाद आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में चंदेरी वस्त्र की ऐतिहासिक और कलात्मक यात्रा को आधुनिक दृष्टि से प्रस्तुत किया गया। फैशन शो में जैसे प्रमुख फैशन ब्रांड्स ने अपनी विशेष प्रस्तुतियाँ दीं।

रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे पर्यटक:

चंदेरी इको रिट्रीट में पर्यटक रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही बघेलखंड और बुंदेलखंड के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी पर्यटक चख सकेंगे। परिवार एवं बच्चों के लिए किड्स ज़ोन तथा इनडोर-आउटडोर गेम्स की भी व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव के अलावा आलोक तिवारी, कलेक्टर आदित्य सिंह, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर (इवेंट एंड मार्केटिंग) युवराज पडोले, फैब इंडिया के एमडी विलियम विसेल, टाटा तनेरिया के सीईओ अम्बुज नारायण उपस्थित रहे।

एक नजर में

हमारा गांव ही तीर्थ बने नारे के साथ ग्राम डोंगर में हुई स्वच्छता अभियान की शुरुआत

नवभारत अशोकनगर। मप्र जन अभियान परिषद ब्लॉक अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा शनिवार को ग्राम डोंगर के पहाड़ी स्थित श्री हनुमान जी मन्दिर परिसर की ग्रामवासियों के सहयोग से सफाई की गई। मंदिर परिसर के बाहर उगी खरपतवार, गाजर घांस उखाड़ कर एकत्रित किया। साथ ही अस्त - व्यस्त, कूड़ा कचड़ा एकत्रित कर सभी ने मन्दिर परिसर के अंदर व बाहर मैदान में झाड़ू लगाई और हमारा गांव - हमारा तीर्थ, स्वच्छ भारत - समृद्ध भारत, स्वच्छता में ही ईश्वर का वास है के नारे लगाकर जन-जन को अपने घर, सार्वजनिक स्थान व देव स्थानों को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी। साथ ही ग्रामवासियों के साथ बैठक कर देव स्थानों की साफ सफाई करने, ग्राम की गलियों में बीच रास्तों पर बह रहे गंदे पानी को नालियां बनाकर गांव से बाहर निकालेंगे। गौवंश के लिए पानी की टंकी रखने ससिहत अन्य विषयों पर चर्चा कर इसे अमल में लाये जाने की बात कहीं गई। इस अवसर पर बलवीर सिंह रांवसर, गीताव्रती रामबली यादव, पं देवेन्द्र शास्त्री, राजेंद्र पंथ, जगदीश रजक,कल्याण सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

पेड़ से टकराई कार, पति की मौके पर ही मौत, पत्नि और बच्चे भी घायल

नवभारत अशोकनगर। ईसागढ़-चंदेरी रोड पर ग्राम महोली के पास शनिवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार चला पति की मौके पर ही मृत्यु हो गई, तो वहीं कार में सवार उनकी पत्नि और बच्चे भी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को उपचार के लिए भोपाल रैफर किया है। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार गुना की पुरानी मंडी निवासी 48 वर्षीय राजेश जैन अपनी पत्नी मीनू जैन उम्र 44 वर्ष, बेटे शोमिल जैन उम्र 19 वर्ष और शौर्य जैन उम्र 16 वर्ष के साथ अपनी कार से ससुराल टीकमगढ़ में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह महौली ग्राम के पास पहुंचे तो उनकी कार अंनियत्रित हो गई और सड़क के किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना खतरनाक था कि मौके पर ही राजेश जैन की मृत्यु हो गई। तो वहीं उनकी पत्नि और बच्चे घायल हो गए। वहीं घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए जिलाअस्पताल लाया गया, जहां गंभीर घायल मीनू जैने को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया है। तो वही उनके बेटे को इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस ने मृतक राजेश के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

केंद्रीय मंत्री के काफिले की गाड़ियां आपस में टकराई, अधिकारी घायल

नवभारत अशोकनगर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के काफिले में शामिल तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। जिसके कारण गाड़ियों में सवार अधिकारी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पतला में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे गुना रोड स्थित जीके मैरिज गार्डन के पास हुई। जानकारी के अनुसार सिंधिया के काफिले के पीछे चल रही गाड़ियों में से एक फॉरच्यूनर में अशोकनगर एसडीओपी विवेक शर्मा की गाड़ी टकरा गई। इसके ठीक पीछे आ रही अशोकनगर तहसीलदार भारतेंदु यादव की गाड़ी भी इन वाहनों से भिड़ गई। जिससे जहां गाड़िया क्षतिग्रस्त हो गई, तो वहीं हादसे में गाड़ी में सवार अधिकारी घायल हो गए, वही कई लोगों को चोटे भी आई है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आदिवासी समुदाय के बच्चां को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

अशोकनगर। शनिवार को बाल कल्याण समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा मार्गदर्शी समिति के सहयोग से ईसागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढाकोनी, आकलोन एवं दयालपुर में आदिवासी समुदाय के बच्चों एवं उनके परिजनों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बच्चों को स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही विशेष रूप से हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की आवश्यकता, बीमारियों से बचाव तथा स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने के उपाय बताए गए।

64 वर्गफिट का पोस्टमार्टम कक्ष, दो शव आ जाएं तो रखने के लिए जगह नहीं

आसपास इतनी गंदगी कि खड़ा होना मुश्किल, रात भर जाग कर शव की रखवाली करते हैं परिजन

नवभारत न्यूज

बहादुरपुर। कस्बे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है। जहां मृतकों के पोस्टमार्टम की सुविधा भी है लेकिन पोस्टमार्टम कक्ष इतने छोटे आकार का है कि यदि किसी घटना में दो लोगों की मौत हो जाए तो कक्ष में दो शव रखने की गुंज़ाइश नहीं है। इसका आकार कुल 64 वर्गफिट का है। जिसमें शव को रखने के लिए एक प्लेटफार्म बना हुआ है। इस प्लेटफार्म के बाद केवल दो लोगों के खड़े होने लायक जगह कक्ष के अंदर बचती है। ऐसे में यदि कभी पैनल द्वारा पोस्टमार्टम कराना पड़े तो शव को सिविल अस्पताल मुंगावली भेजना होता है।

गंदगी के बीच बना है पोस्टमार्टम कक्ष:

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पोस्टमार्टम कक्ष परिसर के एक कोने में गंदगी के बीच बना हुआ है। जहां नाली बहती है, झाड़ खड़े हैं और केंद्र का कचरा भी यहीं डाला जाता है। पास में ही प्रसव वार्ड का जैविक अपशिष्ट फेंक दिया जाता है, जिसके कारण वहां कुत्ते घूमते रहते हैं।

ताला लगाकर चली जाती है पुलिस, परिजन करते हैं सुरक्षा:

जब की दुर्घटना के बाद शव को शाम या रात के समय केंद्र पर लाया जाए तो पुलिस उस शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा कर कक्ष का ताला लगाकर चली जाती है। ऐसे में परिजनों को रात भर जागकर शव की सुरक्षा करनी पड़ती है।

129 साल से पोस्टमार्टम की व्यवस्था, 29 वर्षों से नहीं हुआ कोई सुधार:

रियासतकालीन रिकॉर्ड के मुताबिक सन 1896 में कस्बे में सिविल अस्पताल बनाई गई थी। तब से ही यहां चिकित्सक, प्रसव व पोस्टमार्टम की व्यवस्था है। पहले अस्पताल का भवन रियासतकालीन था। 1977 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अस्पताल का नया भवन बना। जिसका सबसे नया पोस्टमार्टम रूम भी सन 1996 में बनाया गया था। इसका क्षेत्रफल महज 64 वर्गफीट है। आसपास कचरे के ढेर व नालियों का पानी भरा रहता है। कई बार स्थानीय नागरिकों ने मर्चुरी भवन की मांग की लेकिन इसे अब तक मंजूरी नहीं मिली। जिले में एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, जहां पोस्टमार्टम होते हैं।

इनका कहना है

मेरे पास जब 2020 में खंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार आया था, तब मैंने बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर पोस्टमार्टम के लिए एक बड़े भवन का प्रस्ताव भेजा था। जो स्वीकृत नहीं हुआ। अब दोबारा से प्रस्ताव भेजते हैं, उसे प्राथमिकता से स्वीकृत कराएंगे।

डॉ दिनेश त्रिपाठी,
खंड चिकित्सा अधिकारी, मुंगावली

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बीएलओ सुपरवाइजर को किया सम्मानित

SIR कार्य जिले में हुआ बेहत्तर
प्रदेश में अशोकनगर जिला अब्बल

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में जिला अशोकनगर प्रदेश में प्रथम आने पर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा विधान सभा क्षेत्र अशोकनगर के बीएलओ तथा बीएलओ. सुपरवाईजर को पुष्पहार पहनाकर एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि एसआईआर कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर इस जिले का नाम रोशन करने वाले सभी बीएलओ प्रशंसा के पात्र हैं। उनकी मेहनत एवं लगन का नतीजा है कि जिला अशोकनगर ने पूरे मध्यप्रदेश में नंबर एक पर रहकर शत प्रतिशत कार्य समय से पूर्व पूर्ण किया। आपका यह कार्य जीवन भर सभी को यादगार रहेगा। निर्वाचक आयोग द्वारा भी प्रशंसा की गई है। उन्होंने सभी बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाईजर को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीएन सिंह, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्दु यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

4 घंटे बिजली कटौती आज

अशोकनगर। मैनटेंस कार्य के चलते शहर में कई स्थानों पर 12 से 4 बजे बिजली की कटौती रहेगी। कंपनी के सहायक प्रबंधक उज्जवल बारंगे ने बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्र शंकरपुर से संबंधित विभिन्न फीडरों पर अतिरिक्त पीटीआर (पॉवर ट्रांसफॉर्मर रिपेयर) कार्य किया जाएगा। इसी कारण शंकरपुर फीडर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

पूर्व सरपंच के यहां चोरों ने बोला धावा, परिवार की सक्रियाता से टली बड़ी वारदात

नवभारत न्यूज

नईसराय। नईसराय कस्बे के निचला बाजार स्थित हवेली में रहने वाले पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन के घर शुक्रवार-शनिवार की रात दो से तीन बजे के बीच चोरों ने धावा बोल दिया। चोरी की भनक जैसे ही परिवार के सदस्यों को लगी तो उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलने के पांच मिनट बाद ही पुलिस के दो वाहन मौके पर पहुंचे। जिससे चोर भाग गए। हालांकि इस दौरान उन्होंने अलमारी में रखी लगभग तीस हजार के जेवर और नकदी चोरी कर ली। चोरों की संख्या दो से अधिक बताई जा रही है, साथ ही चोर हाथों में लोहे की रॉड लिए थे। जानकारी के अनुसार नईसराय के पूर्व सरपंच नफीस उद्दीन

कस्बे के निचला बाजार स्थित अपने पैतृक घर में निवास करते हैं। पूर्व सरपंच ने बताया कि आम दिनों की तरह उनका परिवार शक्रवार रात 10 बजे खाना खाकर सो गया। रात दो से तीन बजे आहट पाकर उनकी नीद खुली तो पास वाले कमरे का ताला कटा पड़ा मिला, साथ ही दो लोग कमरे की अलमारी खंगालते नजर आए। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया और शोर मचा दिया, शोर सुनकर अन्य परिजन जाग गए। जिससे चोर भाग गए। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तलाशी में जुट गई। जहां ताला काटने का औजार मिला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। वहीं पूर्व सरपंच ने बताया कि चोर कोई बड़ी घटना कर सकते थे। लेकिन थोड़ी सी सक्रियता से बड़ी घटना टल गई। फिलहाल पुलिस ने जांच जुटी हुई है।

बैठक

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

सिंधिया का विजन, हुई बायर सेलर मीट, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

नवभारत न्यूज

चंदेरी। चन्देरी डब्लपमेन्ट सोसायटी फॉर हैण्डलूम वीवर्स चन्देरी में कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में चन्देरी हैण्डलूम पार्क के सभाकक्ष में स्थानीय मास्टर वीवर्स (बुनकर स्वसहायता समूह, एनजीओ के साथ चन्देरी साडी एवं ड्रेस मटेरियल, हैण्डलूम को अंतराष्ट्रीय पहचान एवं जीआई टैग के उपयोग हेतु तथा लोकल फॉर वोकल स्वदेशी को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय समूहो को विश्व पटल पर अपने बनाये हुए चन्देरी साडी एवं ड्रेस मटेरियल को मार्केट दिलाना एवं सीधे बुनकरो को लाभ दिलाये जाने के साथ बीच की मध्यस्ता समाप्त करने

के लिये चन्देरी में वायर सैलर मीट का आयोजन किया गया। इस मीट मे बायर्स द्वारा अपनी वार्षिक आवश्यकताओं से सेलर्स को अवगत कराया साथ ही चन्देरी साडी एवं विभिन्न फैवरिक उत्पाद के लिये मार्गदर्शन दिया। इस मीट मे जीआई टैग विशेषज्ञ जीआई मैन पदमश्री डॉ रजनीकांत जश, अनीसा श्रीवास्तव आईएएस (ईडीएम पीआईडीसी), सौरभ कपूर एमपीआईडीसी, एक्स्पोर्ट प्रमोशन काउन्सिल चैन्नई के डॉ मुरगन, संयुक्त संचालक तथा सिल्क पार्क कान्चीपुरम के रामनाथन व्ही, कार्यकारी संचालक, एमडी टाटा तनेरा ग्रुप एवं फैव इण्डिया, एचईपीई, एक्सिम बैंक, नोईज जीन्स, मप्र भारत खादी संघ, वॉलमार्ट, एनआईडी, के सीईओ एवं हैण्डलूम विभाग के उपसंचालक केके नागराज एवं सहायक संचालक केएन गुप्ता तथा चन्देरी के मास्टर वीवर्स अरूण सोमानी, अशोक लालमणी, अमीनउद्दीन अंसारी, सुफेर इलाहवादी, रमेशकोली, वशीम टुनटुनी, की उपस्थित आदि मास्टर वीवर्स एवं बुनकर उपस्थित रहे।

मास्टर वीवर्स और वायर्स का हुआ सीधा संवाद:

बैठक में भारत सरकार के दूरसंचार एवं पूर्वी उत्तर विकास मंत्री क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के अथक प्रयासों से चंदेरी के बुनकरों को सीधा कंपनियों से जोड़ने का प्रयास तथा उनकी आय में वृद्धि करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को इस आयोजन में शामिल होने के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं सिंधिया का सीधा विजन है कि हमारे बुनकरों को सीधे बाजार की लिंक से जोड़ा जाए इसलिए बिचौलियों को खत्म करके कंपनियों के फाउंडर एवं सीईओ और बुनकरों का सीधा संवाद कराना एक ही लक्ष्य है कि अब हमारे बुनकरों आय मे सीधे और अधिक वृद्धि हो आने वाले समय मे बुनकरों की आय में वृद्धि होना तय है।

वहीं मासटर बायर सेलर मीट के लिए हमारे श्री सिंधिया ने आदेश किया था उसके तहत यह बैठक रखी जिसमें मुख्यत: हमारे प्राइवेट पार्टनर्स भी थे जिसमें फैबइंडिया,तनेरिया, नॉइस जींस, आई कटोरी, वॉलमार्ट कुछ हमारे गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट प्रमोशन हैंडलूम एक्सपोर्ट काउंसिल, कांजीवरम सिल्क पार्क इसमें पूरी चर्चा यह रही कैसे हम लोग अपने वीवर्स को इंटरनेशनल मार्केट से जोड़ सके और जो बीच का एक लेयर रहता है उसको हटाकर हमारे वीवर्स देश और विदेश में अपना उत्पादन अच्छे से भेज पाए।